हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 12 अप्रैल 2026


तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


10 कार्यकर्ता अधिक से अधिक पौधे रोपें, हरियाली...





11 कलेक्टर-एसपी ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण 27...







## खबर संक्षेप

### ग्राम जामगांव में श्रीराम मानस महायज्ञ 15 से



**छुईहा बेलर।** ग्राम जामगांव में ग्रामवासियों के तत्वावधान में 15 से 21 अप्रैल तक श्रीराम चरित्र मानस महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। यज्ञ आचार्य एवं भगवताचार्य महंत संत श्रीगोवर्धन शरण व्यास (सिसकट्टी आश्रम), प्रसारणकर्ता पं. बलराम शर्मा आचार्य, ग्राम पुरोहित पं. कुणाल तिवारी एवं पं. कुलदीप तिवारी के सानिध्य मार्गदर्शन में सम्पन्न होगें। कार्यक्रम में प्रतिदिन हवन पूजन प्रातः 7 से 10 बजे तक कथा प्रवचन प्रातः 11 से 1 बजे तक, दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होगें। उक्त जानकारी आयोजन से जुड़े सदस्य शिवराम दाऊ सिन्हा ने दी है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र से लगातार फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले सामने आ रहे हैं। शुक्रवार शाम डुमरघाट में एक युवक ने फिर फांसी लगाकर अपना जीवन लीला समाप्त कर ली। जिनका मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पोस्टमार्डम कर शव परिजनों को सौप दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर से 12 किमी दूर ग्राम पंचायत बोईरगांव के आश्रित ग्राम डुमरघाट निवासी डमरूराम नेताम उम्र 32 वर्ष दिनभर मैनपुर नगर में घुमने के बाद चावल लेकर अपने घर पहुंचा और घर से कुछ दूर पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

## राहत : 90 किमी भूमिगत स्टील पाइप से जुड़ेंगे जलाशय


# सिकासार और कोडार जलाशय को जोड़ने 3400 करोड़ की मंजूरी


खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के सबसे बड़ा सिंचाई बांध सिकासार जलाशय जो तहसील मुख्यालय मैनपुर से 28 किमी की दूरी पर स्थित है जहां पनबिजली का उत्पादन भी किया जाता है और क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप मे जाना जाता है अब सिकासार के अतिरिक्त जल से महासमुंद जिले मे सिंचाई करने की योजना के लिए करोड़ों रूपयों की राशि की मंजूरी मिल गई है। मिली जानकारी के अनुसार सिकासार बांध के अतिरिक्त जल से महासमुंद जिले का सूखा होगा दूर। सिकासार कोडार जलाशय नहर लिंक परियोजना के लिए 3400 करोड़ की मंजूरी मिली। डेम टू जोड़ने वाली पहली परियोजना अतिरिक्त 25 हजार हेक्टेयर रकबे को मिलेगी सिंचाई सुविधा। चालू वित्तीय वर्ष में भाजपा सरकार ने सिकासार कोडार जलाशय नहर लिंक परियोजना के लिए 3400 करोड़ की मंजूरी दे दिया है। परियोजना को वर्ष 2029 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। मंजूरी के बाद सिंचाई प्रशासन टेंडर कॉल की प्रकिया शुरू कर दिया है। कई मायने में यह परियोजना भाजपा सरकार की सबसे अलग थलग और अहम योजना मानी जा रही है। सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री एस के बर्मन ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि उच्च अधिकारियों ▶▶|शेष पेज 10 पर

### महासमुंद जिले का सूखा होगा दूर, सोख और वाष्पीकरण से राहत






### 178 गांव के 79650 परिवार होंगे लाभान्वित

सिकासार जलाशय के प्रमुख नहरों से अब तक गरियाबंद और मगररोड क्षेत्र के 101 गांव में रवि और खरीफ मिलकर 58 हजार हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा दी जाती थी लेकिन नई परियोजना से अतिरिक्त 178 गांव में सिंचाई,पेयजल और औद्योगिक क्षेत्र के लिए पानी की सप्लाई होगी। 41780 एसटी और 6145 एससी परिवार समेत कुल 79650 परिवार इससे लाभान्वित होंगे परियोजना में बागबाहरा और झलप क्षेत्र के कई असिंचित रकबा तक न केवल सिंचाई सुविधा मिलेगी यहां के वाटर लेबल रिचार्ज कर पेय जल संकट को भी दूर किया जाना योजना का मकसद होगा।

### नवाचार की जिद से मिली सफलता



संभाग में कार्यपालन अभियंता श्री एस के बर्मन महासमुंद में सेवा देने के बाद गरियाबंद में पिछले चार साल से सेवा दे रहे हैं। अफसर ने बांध को बांध से जोड़ने की ठान लिया। 2022 में इसकी कल्पना कर बड़े अफसरों के सामने बात रखी। सिंचाई विभाग के सचिव राजेश टोप्पो को भी योजना रास आ गया। तकनीकी में नवाचार था ऐसे में इसकी सर्वे की मंजूरी 2023 में मिल गई। श्री बर्मन ने बताया कि वर्तमान में 58 हजार हेक्टेयर को पर्याय सिंचाई सुविधा देने के अलावा सिकासार का प्रवाह व्यर्थ जा रहा था। नदी को नदी से, नहर को नहर से जोड़ने की परियोजना चल रहे थे। इसी कॉन्सपेट पर हमने बांध को बांध से जोड़ने की योजना का प्रारूप सरकार के समक्ष रखी, ड्रोन और आधुनिक लिडार सर्वे के अलावा जिसकी कई चरणो के परीक्षण और दूरदर्शिता को देखते हुए सरकार ने मंजूरी दे दिया है। श्री बर्मन ने कहा कि द्वितीय चरण में सिकासार को अमानाला और सोन नदी से जोड़ने की तैयारी की जा रही है।बर्मन ने तमाम सर्वे और मौजूदा रिकॉर्ड के आधार पर इस परियोजना को सिंचाई क्षेत्र में क्रांति लाने वाली परियोजना होने का दावा किया है।

# ओडिशा के दो शिकारी गिरफ्तार, जेल दाखिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में अवैध रूप से प्रवेश कर वन्यप्राणियों के शिकार की फिराक में घूम रहे दो आरोपियों को वन विभाग की टीम ने धर दबोचा है। पकड़े गए दोनों आरोपी पड़ोसी राज्य ओडिशा के निवासी हैं, जिनके पास से शिकार में इस्तेमाल होने वाले हथियार भी बरामद किए गए हैं। मुख्य वन संरक्षक गुरूनाथन एन. एवं उप निदेशक वरुण जैन के मार्गदर्शन में वन विभाग को सूचना मिली थी कि ओडिशा के नुआपाड़ा जिले के ग्राम गंटियापाडा (भैंसादानी) में संदिग्ध वन्यप्राणी अवशेष और हथियार छिपाए गए हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल्हाड़ीघाट परिक्षेत्र अधिकारी दिनेश चौधरी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर आरोपी जयराम पाहारिया के घर और बाड़ी की तलाशी ली गई।

**हथियार बरामद, आरोपियों ने स्वीकार किया जुर्म-** तलाशी के दौरान आरोपी के घर से 2 नग धनुष, 5 नग तीर और 1 नग पुररू बरामद किया गया। वन विभाग ने जयराम पाहारिया और उसके साथी बरनसिंग पाहारिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे टाइगर रिजर्व क्षेत्र में शिकार के उद्देश्य से अवैध रूप से प्रवेश करते थे। साथ ही उन्होंने गांव के अन्य व्यक्तियों के नामों का भी खुलासा किया है, जो पूर्व में शिकार की घटनाओं में शामिल रहे हैं। दोनों आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं (2, 9, 27, 29, 31, 51 एवं 52) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। 7 अप्रैल 2026 को उन्हें प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट गरियाबंद के समक्ष पेश किया गया, जहां से न्यायालय के आदेश पर दोनों को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जिला जेल गरियाबंद भेज दिया गया है। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की एंटीपोचिंग टीम के साथ ओडिशा के वन अमले का भी विशेष योगदान रहा। टीम में ट्रेनी IFS अर्नब सामत्र, सहायक संचालक गोपाल सिंह कश्यप, परिक्षेत्र अधिकारी सुशील कुमार सागर, चंद्रबली ध्रुव, दिनेश चौधरी, सुश्री ज्योति ध्रुव सहित स्नाइफर डॉग टीम और अन्य सुरक्षा श्रमिक शामिल थे।

# रपटे से टकराकर हवा में उछली तेज रफ्तार कार, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर से एक बेहद दर्दनाक सड़क दुर्घटना के मामले सामने आये है हालंकि इस सड़क दुर्घटना मे कार के परखच्चे उड़ गए हैं लेकिन कार में सवार लोग गंभीर रूप से घायल अवस्था मे जिला अस्पताल के बाद रायपुर रिफर किए जाने की जानकारी मिली है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह तकरीबन 4 बजे के आसपास तेज रफ्तार एक्सव्ही लग्जरी कार क्रमांक सीजी 018 आर 7771 जो देवभोग से नेशनल हाइवे 130 मे रायपुर की ओर जा रही थी कार इतना तेजगति था



कि सामने रपटा से जा टकराई और कार कई फीट ऊपर हवा में उछल गया और तो और कार के सामने हिस्से इंजन अलग दूर जा गिरा जिससे उसमें आग लग गई और कार में सवार लोग बुरी तरह से घायल हो गए जिन्हे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर लाया गया जहां उनके प्रारंभिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है। जानकारी के अनुसार देवभोग शादी समारोह से कार में सवार होकर चार लोग गरियाबंद की तरफ जा रहे थे मैनपुर से महज डेढ़ किलोमीटर की दूरी चिंगराबांधा रपटा से तेज रफ्तार कार टकरा गई और कार टकराने से एयरबेग तो खुला लेकिन टक्कर इतना जबरदस्त था कि चारो लोग बुरी तरह घायल हो गए हैं। घटना की जानकारी लगते ही मैनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। घटना स्थल में लग्जरी कार के कलपुर्जे अलग-अलग सड़क में बिखर गए।











# सहसपुर में मानसगान का सम्मेलन, उमड़े श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

क्षेत्र के ग्राम सहसपुर में शुक्रवार से रविवार तक जिला स्तरीय संगीतमय श्री राम चरित्र मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जहां शुक्रवार को दोपहर तीन बजे से कलश यात्रा गांव की गलियों में निकाला गया और गांव की देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर सफल आयोजन की कामना की व आशीर्वाद ▶▶|शेष पेज 10 पर




## खबर संक्षेप



### ओडिशा निर्मित महुआ व अंग्रेजी शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत देवभोग पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक युवक को गिरफ्तार किया है, जो ओडिशा निर्मित भारी मात्रा में शराब लेकर बिक्री की फिराक में था। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026 को देवभोग पुलिस की टीम टाउन पेट्रोलिंग पर थी। इसी दौरान मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि ग्राम देवभोग के बेलाट नाला रोड किनारे एक व्यक्ति बड़ी मात्रा में अवैध शराब रखकर ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही स्पेशल टीम और पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम यशवंत उर्फ रगु यादव (31 वर्ष), निवासी ग्राम कुहकुहकला बताया। पुलिस ने जब आरोपी के पास मौजूद पीले रंग के थैले और सफेद प्लास्टिक बोरी की तलाशी ली, तो उसमें से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 20.430 बल्क लीटर शराब जप्त की है, जिसकी कुल कीमत लगभग 6,750 आंकी गई है।

### अक्षय बने तहसील साहू संघ प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तहसील साहू संघ अभनपुर द्वारा संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए युवा प्रकोष्ठ टीम का गठन किया गया है। इसी क्रम में ग्राम थनौंद के युवा सरपंच अक्षय साहू को तहसील युवा प्रकोष्ठ टीम में उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनके समाज के प्रति कार्यशीलता, कार्यकुशलता, सक्रियता एवं संगठन के प्रति समर्पण को ध्यान में रखते हुए की गई है। तहसील साहू संघ अभनपुर के अध्यक्ष तुलेश साहू एवं सर्वसम्मति से यह नियुक्ति की गई।

### साहू समाज भसेरा परिक्षेत्र का वार्षिक सम्मेलन 13 को

**फिंगेश्वर।** भसेरा साहू समाज परिक्षेत्र का वार्षिक सम्मेलन 13 अप्रैल को ग्राम सिर्रीकला मे आयोजित किया गया है जिसको लेकर परिक्षेत्र अध्यक्ष रमेश साहू एवं सभी पदाधिकारियों के द्वारा भव्य तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम को लेकर सभी सजातिय बंधुओं को आमंत्रित किया गया है।

### सीमा नवाजतन वारियर्स सम्मान से हुईं सम्मानित

**अभनपुर।** बुनियादी साक्षरता, संख्या ज्ञान एवं नवीन शिक्षण पद्धति नवाजतन को विद्यालय में प्रभावी रूप से अपनाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अभनपुर विकासखंड की प्राथमिक शाला कठिया 2 की अध्यापिका सीमा पालेश्वर को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। उन्हें गजेंद्र यादव द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर एफएलएन सह नवाजतन वारियर्स सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने चयनित शिक्षकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके समर्पण, मेहनत और नवाचारपूर्ण प्रयासों से शिक्षा की गुणवत्ता में सकारात्मक बदलाव आ रहा है।

**जयंती : राजिम में मनी समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती**

# महात्मा ज्योतिबा फुले एक महान समाज सुधारक, विचारक और लेखक : सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगर के पटेल मरार समाज द्वारा महान समाज सुधारक समाज के गौरव महात्मा ज्योतिबा फुले जी का जयंती पटेल धर्मशाला में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्यरूप से प्रदेश महामंत्री सोमनाथ पटेल, नगर अध्यक्ष भूखन पटेल, राजिम राज कोषाध्यक्ष कैलाश पटेल, उपाध्यक्ष दामोदर पटेल पटेल, पार्षद सुरेश पटेल, सचिव कमल पटेल मुख्य रूप से उपस्थित हुए। सर्व प्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फुले की चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अपने उदबोधन में प्रदेश महामंत्री , जिला अध्यक्ष मरार पटेल समाज महासंघ के जिला अध्यक्ष समाज सोमनाथ पटेल ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले एक महान समाज सुधारक, विचारक और लेखक थे। जिन्होंने समाज में व्याप्त जाति भेद, छुआ-छूत और असमानता के विरुद्ध संघर्ष किया। अपने जीवन को समाज के कमजोर, शोषित और वंचित वर्गों के उत्थान के लिये समर्पित कर दिया।




**शिक्षा को बनाया सबसे बड़ा हथियार**

नगर अध्यक्ष भूखन पटेल ने ज्योतिबा जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म 11 अप्रैल 1827 को महाराष्ट्र के पुणे में एक साधारण माली मरार परिवार में हुआ। उनका पूरा नाम ज्योतिबा राव, गोविन्द राव फुले थे। उन्होंने अपनी पत्नी को शिक्षित कर समाज सेवा के कार्यों में सहभागी बनाया। उस समय की सामाजिक सोच के खिलाफ एक साहसिक कदम उठाया। नगर सचिव कमल पटेल के बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति महात्मा फुले ने समाज में शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार माना। उन्होंने 1848 में लड़कियों के लिए भारत का पहला स्कूल शुरू किया। उनकी पत्नी सावित्री बाई फुले को भारत की पहली महिला शिक्षिका बनने का गौरव प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजू पटेल, उत्तम पटेल, नंदन पटेल, श्यामू पटेल, दिलीप पटेल, शेषनारायण पटेल, आसाराम पटेल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

# पथर्री में किडनी मरीजों के लिए स्वास्थ्य शिविर कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गरियाबंद जिले के सुपेबेड़ा के बाद अब फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम पथर्री में किडनी मरीज मिलना स्वास्थ्य विभाग के लिए नई चिंता का विषय बन गई है। गांव में किडनी मरीज मिलने की सूचना मिलते ही राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने संज्ञान में लिया और संवेदनशीलता दिखाते हुए वस्तुस्थिति का जायजा लिया साथ ही प्रशासन को युद्ध स्तर पर शिविर एवं मरीजों के चिन्हांकन शुरू करने के निर्देश दिए हैं।



विधायक रोहित साहू ने दूरभाष के माध्यम से विभाग के अधिकारियों से अब तक की गई कार्रवाई और अन्य सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की। विधायक ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस मामले में संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विधायक रोहित साहू ने कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तत्काल उचित कदम उठाने के निर्देश दिए हैं जिसके तहत सोमवार को गाँव में तत्काल विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के साथ स्वास्थ्य शिविर लगाई जाएगी ताकि हर ग्रामीण की स्क्रीनिंग हो सके। इसके साथ ही गांव व क्षेत्र के सभी पेयजल स्त्रोतों हैंडपंप, कुआं आदि के पानी की लैब टेस्टिंग कराकर बीमारी के मूल कारणों का पता लगाई जाएगी। विधायक रोहित साहू ने स्वास्थ्य विभाग को प्रत्येक घरों में जाकर डोर-टू-डोर काउंसलिंग के बीमारी के लक्षणों के प्रति जागरूक करे और उन्हें शुद्ध पेयजल के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही चिन्हांकित गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केंद्रों में रेफर करने और उनके निःशुल्क उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान विधायक रोहित साहू ने कहा कि पथर्री के नागरिकों का स्वास्थ्य हमारी पहली प्राथमिकता है। सुपेबेड़ा जैसी पुनरावृत्ति यहाँ किसी भी हाल में नहीं होने दी जाएगी। मैंने प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जांच और उपचार में कोई कमी न रहे। जल्द ही गाँव का दौरा कर अन्य आवश्यकताओं का जायजा भी लेंगे। विधायक की सक्रियता के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। और सोमवार को गांव में शिविर लगाकर बीमारी के कारणों का पता लगाया जाएगा।

# सुरगपानी में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने जुटे भाजपा दिग्गज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पंचायत मेडकीडबरी के आश्रित ग्राम सुरगपानी में जिला पंचायत कृषि सभापति लेखराज ध्रुवा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी ने अपने संगठनात्मक विस्तार और जनसंपर्क को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से बूथ चलो अभियान का शुभारंभ किया है। इस अभियान का लक्ष्य प्रत्येक बूथ स्तर तक पार्टी की पहुंच सुनिश्चित करना और आम नागरिकों के साथ सीधे संवाद स्थापित करना है, महिला मोर्चा से तोकेश्वरी मांझी प्रदेश कार्य समिति, भगवती दीवान,चित्ररेखा ध्रुव मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा ने कहा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत कार्यकताओं को अपने अपने बूथ क्षेत्रों में सक्रिय रुप से भाग लेने के निर्देश दिए गए हैं। उद्बोधन की अगली कड़ी में वेदिका वासनिक, मीना चन्द्राकार, रजनी



लहरें, संतोषी साहू, लोकेश चन्द्राकार उपाध्यक्ष छुरा मंडल ने कहा बूथ चलो अभियान का प्रमुख उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ करना,नए मतदाताओं को जोड़ना तथा अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करनी है। जिला प्रवक्ता किसान मोर्चा नारायण सिंह ठाकुर, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता, सदस्य झवर अग्रवाल,बालकराम मरकाम सहित इन लोगों ने कहा पार्टी का मानना है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। आगे कहा प्रिय साथियों आज हम सब बूथ चलो अभियान के लिए एकत्र हुए हैं। यह सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी और कर्तव्य का प्रतीक है। लोकतंत्र की असली ताकत बूथ स्तर पर ही दिखाई देता है। युवा नेता सरपंच रवि मरकाम,खेम मरकाम, कृपाशंकर जयसवाल, दसरू सोरी,जागेश्वर ओटी ने कहा कि बूथ चलो अभियान के अंतर्गत बूथ समितियों को सक्रिय किया जाएगा, स्थानीय मुद्दों पर संवाद बढ़ाया जाएगा तथा जन आकांक्षाओं को समझते हुए समाधान की दिशा में कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर भीखम साहू,तुलेश सेन, जगदीश सेन सहित क्षेत्र के भाजपा मंडल मलेवाअचल के सभी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य, मर्यादा और कर्तव्य पालन की प्रेरणा देता है : इंद्रकुमार साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

श्री रामकृष्ण मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से त्रिदिवसीय रामायण प्रतियोगिता का आयोजन 10 अप्रैल से 12 अप्रैल तक किया गया है। जिसमें प्रथम दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में अभनपुर विधायक इंद्र कुमार शामिल हुए. इस अवसर पर विधायक इंद्र कुमार साहू ने कहा कि रामायण केवल एक ग्रंथ नहीं बल्कि हमारे जीवन को दिशा देने वाला आदर्श मार्गदर्शक है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य, मर्यादा और कर्तव्य पालन की प्रेरणा देता है। आज के इस युग में रामायण के आदर्श उतने प्रासंगिक है जितने प्राचीन काल में थे। अतः रामायण हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। रमेश वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत परसदा ने विधायक द्वारा गांव में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों के लिए





धन्यवाद ज्ञापित करते हुए रामायण हमें सत्य, मर्यादा एवं आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देती है। ऐसे आयोजन समाज में नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों के संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। तत्पश्चात श्री रामकृष्ण मानस मंडली के सचिव पूरन लाल साहू द्वारा रामायण मंडली हेतु टीन शेड निर्माण के संबंध में विधायक के समक्ष मांग पत्र का वाचन किया गया जिसमें स्थायी व्यवस्था उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया गया। कार्यक्रम का संचालन मनोज सेन ने किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक समिति द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया. इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य चंद्रकला ध्रुव जनपद सदस्य चित्ररेखा दीपक तारक, ब्रह्मानंद साहू, रामायण समिति के अध्यक्ष आशाराम साहू पदाधिकारी यशवंत वर्मा, भूषण वर्मा, पूरन लाल हेमंत कुमार साहू, टीकू यादव, सुखेन साहू, भूषण,महेन्द्र वर्मा, राजेश साहू, संतराम बारले, विनोद सेन, गोपाल साहू, जगदीश साहू, मणी राम ध्रुव, रामकुमार हिरवानी, चिंता राम साहू, पप्पू साहू, लोमश साहू, कुमा तारक, ललित उपस्थित थे।

# कार्यकर्ता अधिक से अधिक पौधे रोपें, हरियाली लाएं : संतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम में पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। सुबह से ही उनके निवास पर कार्यकर्ताओं का तांता लगना शुरू हो गया था। कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर,माला पहनाकर मिठाई खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी और उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। जन्मदिन के अवसर पर संतोष उपाध्याय ने एक सार्थक और प्रेरणादायक संदेश देते हुए कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गांव और शहर में हरियाली बढ़ाने के लिए सभी को अपने-अपने स्तर पर प्रयास करना चाहिए। विशेष रूप से तालाब किनारे, घरों के आंगन और सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम की शुरूआत उन्होंने सुबह पूजा-अर्चना से की। घर में विधिवत पूजा



**पूर्व विधायक का जन्मदिन कार्यकर्ताओं ने मनाया**

करने के बाद वे श्री राजीव लोचन मंदिर पहुंचे, जहां भगवान के दर्शन कर क्षेत्र के खुशहाली और सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने दिनभर कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों से मुलाकात कर उनकी शुभकामनाएं स्वीकार कीं। पूरे आयोजन के दौरान उत्सव का माहौल बना रहा और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। जन्मदिन के इस अवसर को सामाजिक संदेश के साथ जोड़ते हुए पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक पहल का संदेश दिया, जो उपस्थित लोगों के लिए प्रेरणादायक रहा। उन्हें बधाई देने वालो में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,मंत्रीमंडल के अनेको सदस्य तथा राजिम विधायक रोहित साहू, सांसद रूपकुमारी चौधरी, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर, हरिभूमि के ब्यूरोचीफ श्यामकिशोर शर्मा, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, जनपद पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू, राजिम नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, कोपरा नगर पालिका अध्यक्ष रूपनारायण साहू, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, कोपरा मंडल अध्यक्ष गोपीराम ध्रुव, प्रसन्न शर्मा, कैलाश शुक्ला, रमेश तिवारी, सौरभ शर्मा, मनहरण शर्मा, ज्ञानेश शर्मा, ललित नथवानी, मनीष नथवानी, नगर पालिका के सभापति आकाश राजपूत, ईश्वर साहू, मुकेश साहू, अंजू नायक, पालिका उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, अनिता यादव, छाया राही, सोमनाथ पटेल, पूरन यादव, जितेंद्र पेंदरिया, शैलेन्द्र साहू, लोकेश सोनी, युवराज साहू, बादल साहू,मिंजुन साहू, दशरथ सिन्हे , कोमल ढीढी, प्रेमलाल टोडर, आशीष पाण्डे , किशोर पटेल, राजेश परमार शामिल थे।

# अभनपुर में मनी महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

पटेल समाज अभनपुर राज के तत्वावधान में शनिवार को बस स्टैंड अभनपुर में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान रक्त जांच एवं रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर रक्तदान किया। साथ ही गर्मी को देखते हुए पटेल समाज द्वारा उपस्थित लोगों को शर्बत वितरण कर राहत पहुंचाई गई, जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अंतर्राष्ट्रीय कलाकार एवं साहित्यकार डॉ. कृष्ण कुमार पाटिल ने अपने संबोधन में फुले के जीवन और विचारों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले और उनकी धर्मपत्नी सावित्रीबाई फुले ने अपना संपूर्ण जीवन समाज सेवा और शिक्षा के प्रसार के लिए समर्पित कर दिया। उनके आदर्श और सिद्धांत आज भी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अभनपुर राज अध्यक्ष ईश्वर पटेल ने कहा कि फुले जी ने सामाजिक चेतना और शिक्षा की अलख जगाकर देश में सकारात्मक परिवर्तन की नींव रखी। उनका जीवन हर वर्ग के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर समाजसेवी ब्रह्मदेव पटेल, अनिल अग्रवाल, संतोष शुक्ला, रानी पटेल, हेमलता पटेल, राधेलाल पटेल, सोमनाथ पटेल, नारायण सोनी, वेदव्यास तारक, गुरूपंच साहू सहित अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# प्रभु श्री राम के आदर्शों को जीवन में उतारें : प्रवीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

लालपुर मे श्रीराम चरित मानस कार्यक्रम में मानस प्रेमियों की भीड़।भगवान श्रीराम चंद्र के जीवन पर मानस संघ के द्वारा शानदार प्रस्तुती।जिला साहू संघ के अध्यक्ष प्रवीण साहू हुए शामिल होकर कहा श्रीराम के आदर्शो को जीवन मे उतारे। गरियाबंद जिला साहू संघ अध्यक्ष प्रवीण साहू, साहू समाज संरक्षक कुंजबिहारी साहू जिला साहू संघ कोषाध्यक्ष मुकेश साहू, नगर साहू संघ सचिव टिकेश साहू कार्यकारी अध्यक्ष मंथिर साहू, साहूकार साहू ने नगर पंचायत फिंगेश्वर वार्ड क्रमांक 8 लालपुर में आयोजित श्रीरामचरित मानस गान



सम्मेलन कार्यक्रम में अपनी गरिमामई उपस्थित दर्ज कराई। जिला अध्यक्ष प्रवीण साहू ने रामचरित मानस गान कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र के अदर्शों पर प्रकाश डाला और कहा की रामायण केवल एक ग्रंथ नहीं बल्कि मानवीय मूल्यों का जीवंत पाठशाला है जिनके आदर्श को प्रत्येक नागरिक को अपने चरित्र में चरितार्थ करना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि भगवान राम का त्याग, धैर्य और सत्य के प्रति अडिग रहने का संकल्प हमें समाज में समरसता और भाईचारा बनाए रखने का प्रेरणा देता है। यदि हम उनके बताएं मार्ग पर चलते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें तो एक श्रेष्ठ और मर्यादित्य राष्ट्र का निर्माण संभव है। क्षेत्र के गांवों में चल रही मानस मंडलियों के मधुर चौपाइयों और महत्वपूर्ण प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए जिला अध्यक्ष प्रवीण साहू ने आयोजन समिति के प्रयासों को सराहा और स्थानी ग्रामीणों में आत्मीय संवाद कर उनकी कुशल-क्षेम जानी। इस अवसर पर छगन साहू, मनोहर साहू, सियाराम साहू, बिसराम साहू, मनीराम निषाद, हरिराम साहू, बिहारी राम साहू, जीवराखन निषाद, संजय साहू, प्रेमु राम निषाद, गंगा राम साहू, आसाराम साहू, नीलकंठ साहू, विजय साहू, माताएं बहने और समस्त नागरिक जन उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष...

### सिकासार और...

के मार्गदर्शन में टेंडर कॉल की तैयारी की जा रही है कार्य किसी अनुभवी और पारंगत ठेका कम्पनी को ही दी जाए इसकी तैयारी विभाग कर रही है।

**90 किमी भूमिगत स्टील पाइप से जुड़ेंगे जलाशय, सोख और वाष्पीकरण से राहत-** यह पहली परियोजना जिसमें इंजीनियरिंग के नए तकनीकी मापदंडों का भरपूर इस्तेमाल किया जाएगा 90किमी लंबे भूमिगत स्टील पाइप से सिकासार बैराज का अनुपयुक्त जल सीधे कोडार पहुंचेगा, सोखने और वाष्पीकरण का प्रभाव से 25 फीसदी तक नष्ट होने वाला जल सुरक्षित हो जाएगा। विभाग का दावा है कि इस पद्धति से 30 से 35 मिलियन घन मीटर पानी की बचत होगी जिससे अतिरिक्त सिंचाई या जल संचय किया जाएगा यही वजह है कोडार के अलावा प्रोजेक्ट में केशवा जलाशय के सूखे को दूर किया जाएगा।

**स्काडा तकनीकी से गांवों में पहुंचेगा पानी-** डेम टू डेम जोड़ने की पहली परियोजना में सेंसर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जा रहा है जिन गांव से पाइप लाइन गुजरेगी वहां प्रत्येक गांव के लिए एक आउट लेट भी होगा। जरूरत के मुताबिक इस आउटलेट में पानी ओटोमेटिक होगा इसे इंजीनियरों ने स्काडा तकनीकी से कंट्रोल करेंगे कमांड रूम में सेंसर टेक्नोलॉजी इसकी मॉनिटरिंग करेगा।

### सहसपुर में मानसगान...

लिया गांव से भारी संख्या में महिलाएं कलश लेकर पहुंची और सरगी नदी में मां गंगा की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रथम दिवस सहसपुर के शिव ज्ञान गंगा महिला मानस परिवार सहसपुर, जय गणेश मानस परिवार कसेरूडीह और अंतिम कड़ी पर शिव गंगा मानस परिवार तौरंगा जिला गरियाबंद के शानदार प्रस्तुति दी गई जहां गांव से भारी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने तथा पंडाल में पहुंचे हुए थे। मुख्य रूप से सरपंच प्रतिनिधि नरशु ध्रुव, मेश्राम साहू, भूपेंद्र गंधर्व उत्तम कुमार, घनश्याम साहू की उपस्थिति में कार्यक्रम को गति प्रदान मिल रही है। रामचरित्र मानस गान के द्वितीय दिवस पर सत्संग मानस परिवार सहसपुर, राजीव लोचन मानस परिवार परतेवा, लावण्या निधि बालिका मानस परिवार जमाही, जय दुर्गा मानस परिवार मौली पर बासीन, माधुरी महिला मानस परिवार नहरगांव और प्रज्ञा मानस परिवार सोरीद खुर्द जिला गरियाबंद की प्रस्तुति से पंडाल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम को गांव की सुख समृद्धि व शांति हेतु आयोजित किया गया है गांव के विकारों को दूर किया जा सके और भक्ति की मार्ग पर चला जा सके वन सभापति जिला पंचायत गरियाबंद शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा की रामचरितमानस सम्मेलन में मन को जो शांति और सुकून मिल रहा है, वह अनुपम है। इस दौरान खेमिन साहू पूर्व सरपंच सहसपुर, संतोष कुलदीप पूर्व सरपंच सहसपुर, नरशु ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, जगन्नाथ साहू बोरसी,केशर साहू कुम्ही रमेन्द्र साहू पूर्व सरपंच धुरसा, जनक सेन पूर्व उपसरपंच सहसपुर, सोना राम वर्मा सचिव , भैयालाल साहू सचिव, उत्तम साहू अध्यक्ष साहू समाज सहसपुर मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### रंगमंच और गार्डन के लिए भूमिपूजन

**रसेला।** ग्राम पंचायत दादरगाव नया में 10 अप्रैल को दुर्गा चौक के पास एक लाख, चौरासी हजार, आठ सौ और ग्राम पंचायत भवन के पास गार्डन बागवानी के लिए एक लाख, अठत्तीस हजार, छः सौ रुपए का रंगमंच और बागवानी निर्माण के लिए भूमिपूजन वैदिक मत्रोच्चार और धार्मिक विधि विधान से किया गया। जिसका मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर सहकारिता सभापति, अध्यक्षता सरपंच हेमलता ध्रुव, विशेष अतिथि उपसरपंच गेश्वर नेताम, सचिव देवेंद्र ठाकुर, पंच तेजकुमार मरकाम, गंगोत्री ठाकुर, सिरतीन, ग्राम पटेल बृजलाल नेताम मौजूद थे। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर ने कहा कि गांव के सामाजिक और सांस्कृतिक विकास के लिए रंगमंच और गार्डन बागवानी महत्वपूर्ण आधारशिला सिद्ध होंगे। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे सरपंच हेमलता ध्रुव ने कहा कि यह निर्माण कार्य ग्रामीणों को सामाजिक और सामुदायिक गतिविधियों के लिए सशक्त मंच प्रदान करेगा और आने वाले पीढ़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। आगे कहा भवन निर्माण पश्चात उसकी देखरेख आप ग्रामवासियों की है। इसे सहजे कर आप रखेंगे। रंगमंच में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन के साथ साथ आप सब इस रंगमंच पर बैठकर गांव की समस्याओं के निराकरण व ग्राम के विकास के संबंध विचार विमर्श करेंगे। इस निर्माण कार्य का उद्देश्य ग्रामीण और स्थानीय पर सांस्कृतिक व सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। इस दौरान विश्वंभर ठाकुर, दिन दयाल ठाकुर, तिजाऊ राम, हेमंत, गोलू, नेहरू राम, तुलसिग, राकेश, झंडी राम, शिवकुमार सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### खड़मा मंडल में गांव चलो अभियान का शंखनाद



**मुड़ागांव (कोरासी)।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026 को खड़मा मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत खड़मा, रानीपरतेवा एवं मुड़ागांव में "गाँव-घर, बस्ती चलो" अभियान के तहत व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर संचालित किया गया। अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने गाँव-गाँव एवं घर-घर जाकर आमजन से सीधा संवाद स्थापित किया तथा संगठन की विचारधारा एवं केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुँचाई। कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर तक सक्रियता दिखाते हुए संगठन को मजबूत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मंडल सह प्रभारी एवं जिला प्रवक्ता, जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जिला महामंत्री किसान मोर्चा संदीप पांडे, जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, मंडल महामंत्री पालेंद्र साहू एवं पुरुषोत्तम गोस्वामी, मंडल उपाध्यक्ष रमन नामदेव एवं रूपेश्वर साहू, मंडल मंत्री लता साहू एवं नीतू भोसले सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके साथ ही वरिष्ठ कार्यकर्ता सोमन यदु, बूथ अध्यक्ष रेखा यदु एवं रामप्रसाद शांडिल्य, मुकेश पटेल, सोसायटी अध्यक्ष वेश नारायण ठाकुर तथा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

**शिविर : ओडिशा सीमा से लगे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर**

# कलेक्टर-एसपी ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण 27 में 22 आवेदनों का मौके पर समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के घुर नक्सल से प्रभावित क्षेत्र रहे एवं अंतर्राज्यीय सीमा से लगे दुर्गम वनांचल ग्राम कमारभौदी में आज शनिवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था। काफी समय बाद जिला प्रशासन की पूरी टीम एक साथ वहॉ पहुंची थी। जिसे ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। शिविर में बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित होकर अपनी मांगे एवं समस्याएं को लेकर आवेदन प्रशासन के समक्ष रखीं। शिविर में सभी विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। इस दौरान कलेक्टर भगवान सिंह उईके एवं एसपी ने भी स्वास्थ्य विभाग की स्टॉल पहुंचकर बीपी, शुगर की जांच कराई। शिविर के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, आंगनबाड़ी, अस्पताल, पेयजल, पुल-पुलिया, स्टाफ डैम, हैण्डपंप, सामुदायिक भवन, नलजल, आवास सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रशासन को आवेदन सौंपा। इस पर विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से परीक्षण कर पात्रतानुसार निराकरण किया। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में आज मांग एवं समस्याओं से संबंधित 27 आवेदन प्राप्त हुए।

■ नक्सल मुक्त गरियाबंद के दुर्गम वनांचल कमारभौदी में पहुंचा प्रशासन

जिसमें से 22 आवेदनों का शिविर स्थल पर निराकरण किया गया। इसके अलावा 5 आवेदन के प्रकरण को शासन स्तर पर निराकरण के लिए भेजा जाएगा। शिविर में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विभिन्न हितग्राहियों को पात्रतानुसार छड़ी वितरण, जाल एवं आईस बॉक्स का वितरण किया। साथ ही 02 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 02 बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। मरीजों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। साथ ही पोर्टेबल एक्स-रे मशीन के माध्यम से टीबी जैसी गंभीर बीमारियों की जांच की गई, जिससे दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को मौके पर ही आधुनिक जांच सुविधा का लाभ मिला। शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धजनों को छड़ी, मत्स्य योजना अंतर्गत हितग्राहियों को जाल एवं आइस बॉक्स का वितरण किया गया। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से गर्भवती महिलाओं के लिए गर्भ संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया।

**स्वास्थ्य और जनकल्याणकारी सेवाओं की सौगात-** जिला पंचायत के उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर ने कहा कि सरकार के जितने भी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रशासन गरियाबंद जनपद क्षेत्र के अंतिम गांव कमारभौदी आए हुए है। जो भी पात्र हितग्राही वंचित हो गए है। उन्हें पात्रतानुसार लाभ अवश्य मिलेगा, ताकि उनके जीवनस्तर में सुधार हो सके। इससे उनकी जिंदगी में बदलाव आएगा। जनपद अध्यक्ष सोहन धुव्र ने कहा कि सरकार के जितने भी योजनाएं संचालित की जा रही है। उसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। हितग्राहियों को लाभ मिल सकें, इसलिए प्रशासन यहॉ पहुंची हुई है। जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा कि निश्चित रूप से कमारभौदी में शिविर लगाना लाभदायक सिद्ध होगा। उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न मांग एवं समस्याओं के बारे में अवगत कराते हुए जिला प्रशासन एवं शासन स्तर पर प्राथमिकता के साथ निराकरण करने का आग्रह किया। साथ ही जनपद उपाध्यक्ष लेखराम साहू ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया।




**अब विकास की बारी : कलेक्टर**

कलेक्टर श्री बीएस उइके ने कहा कि 31 मार्च 2026 को देश पूरी तरह से नक्सल मुक्त होने के साथ ही साथ गरियाबंद जिला भी नक्सल मुक्त हो चुका है। उन्होंने बताया कि नक्सल मुक्त होने के उपरांत हमने ऐसे दुर्गम क्षेत्रों में मुहिम के तौर पर चुना है। जहाँ पहले शासन की कुछ योजनाओं का लाभ लोगों को प्राप्त नहीं हो पाती थी। अब शासन स्तर पर उनके सभी मांगो एवं समस्याओं को प्राथमिकता के साथ निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि इस क्षेत्र में सुगम यातायात की सुविधा सभी को मिल सके इसके लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत डामरीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्र का मरम्मत कराया जाएगा। साथ ही शिविर में डुमरबाहरा में उपस्वास्थ्य केंद्र खोलने एवं विद्युत विस्तार करने की मांग भी आई है। उस प्रस्ताव को शासन स्तर पर भेजा जाएगा ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नीरज चंद्राकर, एसडीएम हितेश्वरी बाघे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## विविध भारती से फरमाइशी कार्यक्रम बंद होने पर श्रोताओं में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा-बेलर




**पुनः बहाली की मांग**

आकाशवाणी के लोकप्रिय चैनल विविध भारती, मुंबई द्वारा 'मन चाहे गीत', 'आपकी फरमाइश', 'पत्रावली' जैसे फरमाइशी कार्यक्रम बंद किए जाने से रेडियो श्रोताओं में गहरी नाराज़गी है। श्रोता संघों ने प्रसार भारती से इन कार्यक्रमों को फिर से शुरू करने की मांग की है। जय मां घटारानी युवा रेडियो लिस्नर्स क्लब एवं संघ फुलझर छुईहा के अध्यक्ष योगेश्वर साहू ने बताया कि विविध भारती सेवा ने ईमेल, एसएमएस, पोस्टकार्ड आधारित सभी फरमाइशी कार्यक्रम बंद कर दिए हैं। श्रोताओं के लगातार अनुरोध पर 'हैलो फरमाइश' शुरू तो किया गया, लेकिन उसमें गिने-चुने श्रोताओं के ही फोन लग पाते हैं। विविध भारती मुंबई से 'सखी-सहेली', 'आज के फनकार', 'हवा महल', 'सेहतनामा', 'इनसे मिलिए', 'जयमाला' जैसे सूचना प्रद व मनोरंजक कार्यक्रम प्रसारित होते हैं। 'सखी-सहेली' में भी फरमाइशी सेगमेंट बंद होने से कार्यक्रम की रोचकता खत्म हो गई है, जिससे श्रोताओं ने अधिकारियों से नाराज़गी जताई है। श्रोता संघ का कहना है कि सबसे ज्यादा रेडियो श्रोता छत्तीसगढ़ में हैं, जो ऑल इंडिया रेडियो के सभी स्टेशनों से जुड़े हैं और समय-समय पर अपनी प्रतिक्रिया भेजते हैं। विविध भारती मुंबई श्रोताओं के सुझावों पर ध्यान नहीं दे रहा, यह श्रोताओं के साथ नाइंसाफी है।

## खेल-खेल में नन्हे बच्चों ने की अक्षर और संख्याओं की दुनिया की सैर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी में 'पढ़ई तिहार अंगना म शिक्षा कार्यक्रम 5.0' का सफल एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले बच्चों को विद्यालयीन वातावरण से परिचित कराना तथा उन्हें खेल-खेल में सीखने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर टीकूराम ध्रुव द्वारा नन्हे बच्चों को विभिन्न रोचक एवं शैक्षणिक खेल गतिविधियों के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया से जोड़ा गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए खेल-खेल में अक्षर ज्ञान, संख्यात्मक समझ एवं सामाजिक व्यवहार के प्रारंभिक गुणों को सहजता से आत्मसात किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक भागचंद चतुर्वेदी ने उपस्थित माताओं एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की शिक्षा की मजबूत नींव घर से ही प्रारंभ होती है। उन्होंने माताओं से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रोत्साहित करें एवं घर पर भी उन्हें सीखने का अनुकूल वातावरण प्रदान करें।

कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि 'पढ़ई तिहार अंगना म शिक्षा कार्यक्रम 5.0' बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जिसमें खेल, गतिविधि एवं व्यवहारिक शिक्षण को विशेष महत्व दिया गया है। इस पहल से बच्चों में विद्यालय के प्रति रुचि बढ़ेगी तथा उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण भागचंद चतुर्वेदी, लालजी सिन्हा, रेखाराम निषाद, प्रदीप कुमार साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गण टामिन साहू, रेखा साहू, बोधेश्वरी ध्रुव, अभिभावक गणेशिया बाई यादव, दयाबती साहू, होमेंश्वरी साहू, हेमिन विश्वकर्मा, टोमेश्वरी साहू, पीतेश्वरी विश्वकर्मा, ऊषा विश्वकर्मा, शांति यादव, रेखा बाई यादव वंदना ध्रुव, रूपेश्वर साहू, राकेशनाथ जोगी सहित बच्चे उपस्थित रहे।

**परखी बच्चों की प्रतिभा ढालेश्वरी दीवान बनीं स्मार्ट माता**



छुईहाबेलर। शासकीय प्राथमिक शाला फूलझर में बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और सीखने के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए 'पढ़ई तिहार' एवं 'अंगना म शिक्षा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'सुघ्घर पढ़वईया' अभियान के तहत हुई इस अनूठी पहल में पालक माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधान पाठक चोवा राम ध्रुव ने बताया कि कार्यक्रम में बालवाड़ी के 8 बच्चों द्वारा भाषा शिक्षा एवं गणित शिक्षा की प्रस्तुति दी गई। वहीं 9 बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। विद्यालय में 9 काउंटर बनाकर गतिविधि सपोर्ट कार्ड के माध्यम से बच्चों का शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास और गणित विकास की पूर्व तैयारी कराई गई। मेले में उपस्थित पालक माताओं में ढालेश्वरी दीवान को 'स्मार्ट माता' के रूप में चिन्हांकित किया गया। समर कैंप के माध्यम से बालवाड़ी के बच्चों को घर पर भी मातापिता द्वारा प्रतिदिन अध्यापन कार्य कराने के सुझाव दिए गए, ताकि घर पर भी शिक्षा का माहौल बने। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बालवाड़ी शिक्षिका तिलेश्वरी ढीढी, शाला के शिक्षकगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका बिंदु कंवर सहित बड़ी संख्या में पालक माताएं उपस्थित रहीं।

## संगठन के कार्यों से ही लीडर बनते हैं : देवांगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम





भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के तहत युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सुंदरकेरा पहुंचे। यहां किशोर ने उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और छत्तीसगढ़ में भाजपा की डबल इंजन सरकार है। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी तो वहीं छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इस डबल इंजन सरकार का बड़ी कुशलता से नेतृत्व करते हुए देश और छत्तीसगढ़ को सशक्त और विकसित बनाते हुए देश व प्रदेशवासियों का कल्याण कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के समय प्रधानमंत्री मोदी ने जितने वादे किए थे, जिन्हें मोदी की गारंटी कहा गया था, उन सभी वादों को प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद पूरा किया जा चुका है और जिसका लाभ प्रदेशवासियों को मिल रहा है ।देवांगन ने कहा कि मातृशक्तियों को प्रतिमाह 1 हजार रुपए महतारी वंदन, किसान भाईयों को 6 हजार रुपए प्रतिवर्ष पीएम किसान सम्मान निधि, पात्र हितग्राहियों को पीएम आवास, मुफ्त राशन, आयुष्मान योजना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है, जिससे प्रदेशवासियों का जीवन स्तर सुधर रहा है। उक्त गांव चलो अभियान में कार्यक्रम प्रभारी टिकेंद्र साहू, युवा सरपंच धनेश्वर टण्डन, सोसाइटी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, नवागांव सरपंच प्रतिनिधि खगेस साहू, बूथ अध्यक्ष थानेंद्र साहू, चैत राम साहू, गोपाल साहू, नत्थू तारक, प्रकाश साहू, पंचू तारक, भीरु साहू, सुशीला पटेल, सरस्वती सेन, नीलम साहू एवं अनेकों ग्रामवासी व पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**प्रथम आईएएस संजय का छुरा के पदाधिकारियों ने किया सम्मान**



**छुरा।** सतनामी समाज के गौरव एवं प्रथम आईएएस अधिकारी संजय डहरिया का सम्मान समारोह तहसील स्तरीय सतनामी समाज परिक्षेत्र राजिम के तत्वाधान में आयोजन 9 अप्रैल को गुरु घासीदास मंदिर परिसर में किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्धजन जनप्रतिनिधि युवा वर्ग एवं क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज के बीच शिक्षा संघर्ष एवं सफलता के प्रेरणा स्रोत बने संजय डहरिया के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को सम्मानित करना तथा युवाओं को उच्च प्रशासनिक सेवाओं की ओर प्रेषित करना था। कार्यक्रम में विभिन्न अतिथियों द्वारा संजय डहरिया का पुष्पहार शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। संजय डहरिया ने कहा यूपीएससी एक कठिन परीक्षा है लेकिन लगन से कठिन परिश्रम कर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर संजय डहरिया का सम्मान करने सतनामी समाज तहसील परिक्षेत्र छुरा के प्रमुख पदाधिकारी गण संरक्षक लक्ष्मीदास सोनवानी, लक्ष्मण टंडन, अध्यक्ष समारू कोसले, उपाध्यक्ष गौकरण घृतलहरे, दीपक गिलहरे, सचिव राजकुमार लहरे, प्रवक्ता डाहरू कोसले, कोषाध्यक्ष दीनदयाल टंडन, प्रमुख सलाहकार बलवंत बघेल, रूपनारायण मांडले एवं पदाधिकारी गण राजिम पहुंच कर समाज के गौरव का शाल ओढाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

## इंडियन पब्लिक हाई स्कूल छुरा में फन एंड एक्टिविटीज क्लासेज जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



नगर के शिक्षण संस्थान इंडियन पब्लिक हाई स्कूल छुरा में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए "फन एंड एक्टिविटीज क्लासेज" का आयोजन किया जा रहा है। इन विशेष कक्षाओं की शुरुआत 30 मार्च से की गई है, जो 15 अप्रैल तक निरंतर संचालित की जा रही हैं। इस बारह दिवसीय आयोजन का उद्देश्य बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को निखारना, रचनात्मकता को बढ़ावा देना तथा पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन के माध्यम से सीखने का वातावरण तैयार करना है। इस एक्टिविटीज क्लास में प्रत्येक दिन अलग-अलग रोचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह और नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। पहले दिन "फ्लावर एंड लीफ आर्ट" के अंतर्गत बच्चों ने फूलों और पत्तियों का उपयोग कर आकर्षक आकृतियाँ बनाई। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रकृति के प्रति लगाव और सृजनात्मक सोच का परिचय दिया। दूसरे दिन "क्ले आर्ट" का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने मिट्टी से विभिन्न प्रकार की कलात्मक वस्तुएँ बनाना सीखा। इस गतिविधि ने उनके हाथों की कुशलता और कल्पनाशक्ति को विकसित किया। तीसरे दिन "बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट" गतिविधि में विद्यार्थियों ने बेकार पड़ी वस्तुओं से उपयोगी और सुंदर चीजें बनाकर यह संदेश दिया कि संसाधनों का सही उपयोग कैसे किया जा सकता है। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इससे बच्चों में छिपी प्रतिभा को पहचानने और उसे मंच प्रदान करने का अवसर मिलता है। कुल मिलाकर, इंडियन पब्लिक हाई स्कूल छुरा में आयोजित यह "फन एंड एक्टिविटीज क्लास" विद्यार्थियों के लिए सीखने, आनंद लेने और अपने हुनर को निखारने का एक उत्कृष्ट माध्यम बन गई है, जिसकी सराहना अभिभावकों द्वारा भी की जा रही है।



## डॉ. सिकारवार को आईआईएससी में मिला बेस्ट पार्टिसिपेंट अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा के सहायक प्राध्यापक डॉ. छत्रपाल सिंह सिकारवार ने इंडियन इंस्टूटीट ऑफ साइंस के चेल्लकेरे परिसर में आयोजित एडवांस रिफरेशसर कोर्स में सहभागिता करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतिष्ठित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के टालेंट डेवलपमेंट सेंटर द्वारा 23 मार्च 2026 से 7 अप्रैल 2026 तक किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सिकारवार ने विषयवस्तु की गहन समझ, सक्रिय सहभागिता एवं अकादमिक उत्कृष्टता का परिचय दिया, जिसके लिए उन्हें वेस्ट पार्टीसिपेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य सीएच पटेल साथ ही प्रो डीआर साहू, डीपी सिंह, डॉ. विनित कुमार, रागिनी ठाकुर एवं समस्त स्टाफ ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल डॉ. सिकारवार की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और उत्कृष्टता का भी प्रमाण है। इस उपलब्धि से विद्यार्थियों को भी उच्च स्तर के अकादमिक कार्यों के लिए प्रेरणा मिलेगी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


SHAKUNTALA GROUP OF SCHOOLS
Ram Nagar || Risali Sector || Vaishali Nagar
FIT INDIA
SCHOOL INNOVATION COUNCIL
SMART CLASSROOM
ADMISSION OPEN 2026-27
SHAKUNTALA VIDYALAYA
Affiliated to CBSE, Ram Nagar, Bhilai
0788 403 3217
SHARDA VIDYALAYA
Affiliated to CBSE, Risali Sector, Bhilai
0788 2265810
SCHOOL FACILITIES
Scholarship of more than Rs. 20 Lakhs to meritorious students
Selection of students in various competitions like JEE, NEET etc
Smart classes with CCTV monitored classrooms in all school premises
Advanced Science Lab., Computer Lab. & Library
State of the art AV room & Music room
24x7 Power Supply Via Genset
SHAKUNTALA VIDYALAYA NO - 2
Affiliated to State Board, Ram Nagar, Bhilai
Class XI to XII
0788 2295357
SHARDA VIDYALAYA
Affiliated to State Board, Vaishali Nagar, Bhilai
KG-1 to VIII
0788 4033623
Shakuntala GURUKUL
Hostel
" घर से दूर..
एक घर "
Seperate Hostel Facility for Boys and Girls.
AC Hostel Room with attached Bathroom.
In-Class Coaching Facility for students.
Hot (Geyser) and Cold Water Facility.
Dedicated Medical Facility.
SAKUNTALA GURUKUL
883 998 2041
Ram Nagar, Bhilai
Deepak Advertisers